# U.P.BOARD CLASS 10 SOCIAL SCIENCE- 2018
## उत्तर प्रदेश बोर्ड कक्षा 10 सामजिक विज्ञान – 2018

825 (JI)

सामजिक विज्ञान

(ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास)

समय: तीन घण्टे 15 मिनट - पूर्णांक: 70

प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

निर्देश:

1. यह प्रश्नपत्र दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।
3. प्रश्न पत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं- बहु-विकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व विस्तृत-उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिए गए हैं।
4. 'क' तथा 'ख' खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
5. दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड 'क' में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड 'ख' में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं।

खण्ड- 'क'

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देशः निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

1. 'मोनालिसा' का चित्रकार था: (1)
(क) माइकल एंजिलो (ख) राफेल (ग) जाफरे चासर (घ) लियोनार्डो द विंची
2. फ़्रांस की क्रांति हुईः (1)
(क) 1786 ई. में (ख) 1788 ई. में (ग) 1789 ई. में (घ) 1790 ई. में
3. ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की थी? (1)
(क) दयानन्द सरस्वती (ख) रामकृष्ण परमहंस (ग) स्वामी विवेकानन्द (घ) राजा राममोहन राय
4. 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' पुस्तक का लेखक कौन है? (1)
(क) जवाहर लाल नेहरू (ख) मौलाना अब्दुल कलाम आजाद (ग) सुभाष चन्द्र बोस (घ) महात्मा गाँधी
5. राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है? (1)
(क) प्रधानमंत्री (ख) राष्ट्रपति (ग) विधि मंत्री (घ) उपराष्ट्रपति
6. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय कहाँ स्थित है? (1)
(क) हेग (ख) न्यूयार्क (ग) पेरिस (घ) लन्दन

(अति लघुउत्तरीय प्रश्न)

7. पंचशील के दो सिद्धान्तों का उल्लेख करें। (1+1)
8. काकोरी काण्ड कब और कहाँ घटित हुआ? (1+1)
9. दक्षेस (सार्क) की स्थापना कब और क्यों हुई? (1+1)

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

10. इटली के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तीन नेताओं के नाम लिखिए। (1+1+1)

अथवा

राज्यपाल के तीन कार्यों का उल्लेख कीजिए । (1+1+1)

11. अमेरिका की क्रांति के तीन कारण लिखिए। (1+1+1)

अथवा

संयुक्त राष्ट्र संघ के तीन प्रमुख अंगों के नाम लिखिए। ()

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

12. 19वीं शताब्दी के भारतीय पुनर्जागरण में राजा राममोहन राय के योगदान की विवेचना कीजिए। (6)

अथवा

सविनय अवज्ञा आन्दोलन और भारत छोड़ो आन्दोलन का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करें। (3+3)

13. लोकसभा अध्यक्ष के कार्यों एवं शक्तियों का वर्णन कीजिए। (3+2)

अथवा

विधानसभा के संगठन तथा उसके अधिकारों की विवेचना कीजिए। (3+3)

(मानचित्र कार्य)

निर्देश: निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा-मानचित्र में चिह्न ◉ द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम एवं सही अंकन के लिए (½+½) अंक निर्धारित हैं।

14. (1) वह नगर जहाँ ताजमहल स्थित है। (½+½)

(2) वह स्थान जहाँ इमामबाड़ा स्थित है। (½+½)

(3) वह नगर जहाँ मदन मोहन मालवीय की जन्मभूमि है। (½+½)

(4) वह स्थान जहाँ इण्डिया गेट स्थित है। (½+½)

(5) वह स्थान जहाँ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय है। (½+½)

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

14. (1) ताजमहल कहाँ स्थित है? (1)

(2) इमामबाड़ा कहाँ स्थित है? (1)

(3) मदन मोहन मालवीय कहाँ पैदा हुए थे? (1)

(4) 'इंण्डिया गेट' कहाँ स्थित है? (1)

(5) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है? (1)

खण्ड- 'ख'

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देश: निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

15. हीराकुण्ड बाँध किस राज्य में स्थित है?

(अ) गुजरात

(ब) आन्ध्र प्रदेश

(स) ओडिशा

(द) महाराष्ट्र
16. गंगा का उद्गम स्थल कहाँ है?
(अ) मानसरोवर झील
(ब) गोमुख-हिमनद
(स) गंगोत्री
(द) यमुनोत्री
17. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में लिंगानुपात है। (1)
(अ) 943 (ब) 980 (स) 890 (द) 1012
18. निम्नलिखित में से कौन एक विकसित देश नहीं है? (1)
(अ) नार्वे (ब) ब्राजील (स) कनाडा (द) फ्रान्स
19. 'योजना आयोग' के स्थान पर किस आयोग का गठन वर्ष 2015 में किया गया? (1)
(अ) वाणिज्य आयोग (ब) नीति आयोग (स) वित्त आयोग (द) सूचना आयोग
20. भारत प्रमुख निर्यातक है: (1)
(अ) खनिज तेल (ब) जूट के सामान (स) मशीन (द) रसायन
(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)
21. जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो कारकों की विवेचना कीजिए। (1+1)
22. भारत के विदेशी व्यापार की किन्हीं दो अभिनव प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए। (1+1)
23. भारतीय रिजर्व बैंक के किन्हीं चार कार्यों का उल्लेख कीजिए। (½+½+½+½)
(लघु-उत्तरीय प्रश्न)
24. जनसंख्या वृद्धि की किन्हीं तीन समस्याओं की विवेचना कीजिए। (1+1+1)
अथवा
सूती वस्त्र उद्योग के स्थानीकरण के किन्हीं तीन कारकों को स्पष्ट कीजिए। (1+1+1)
25. विनिमय को परिभाषित कीजिए एवं इसके किन्हीं दो लक्षणों की विवेचना कीजिए। (1+1+1)
अथवा
भूमि को परिभाषित कीजिए एवं उसकी किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (1+1+1)
(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)
26. आपदा से आप क्या समझते हैं? बाढ़ आपदा की समस्या के समाधान के लिए चार सुझाव दीजिए। (2+1+1+1+1)
अथवा
बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं के छः उद्देश्यों का वर्णन कीजिए। (1+1+1+1+1+1)
27. भारतीय कृषि के पिछड़ेपन के किन्हीं छः कारणों की विवेचना कीजिए। (1+1+1+1+1+1)
अथवा
कुटीर एवं लघु उद्योग में अन्तर बताइए तथा कुटीर उद्योग के विकास के लिए चार सुझाव दीजिए। (2+1+1+1+1)
(मानचित्र कार्य)
निर्देश: निम्नलिखित को भारत के दिये गये मानचित्र मे दर्शाइए।
28. (1) महादेव पहाड़ियाँ  चिह्न द्वारा नाम सहित (½+½)

(2) महानदी  चिह्न द्वारा नाम सहित (½+½)

(3) एक प्रमुख चाय उत्पादक क्षेत्र  चिह्न द्वारा (1)

(4) छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी • चिह्न द्वारा नाम सहित (½+½)

(5) नरौरा परमाणु ऊर्जा उत्पादक केन्द्र △ चिह्न द्वारा नाम सहित (½+½)

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)

निर्देशः निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (1) महादेव पहाड़ियाँ किस राज्य में स्थित हैं? (1)

(2) महानदी किस समुद्र में गिरती है? (1)

(3) चाय उत्पादन के एक राज्य का नाम बताइए। (1)

(4) छत्तीसगढ़ की राजधानी का नाम बताइए। (1)

(5) परमाणु ऊर्जा उत्पादक केन्द्र नरौरा किस राज्य में स्थित है? (1)